## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**08 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य के दो दर्जन से अधिक जिले बाढ़ की चपेट में। राहत और बचाव कार्य जारी। मौसम विभाग ने पूर्वी जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी दी।
- उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच 14 नये रूटों पर बसें चलाने की तैयारी। दोनों राज्यों के परिवहन मंत्रियों ने लखनऊ में बैठक कर विस्तार से चर्चा की।
- बागपत में हुए सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों और घायलों को आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश।
- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 में लखनऊ को मिला देश में पहला स्थान।

**********

प्रदेश में बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण 25 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार बाढ़ग्रस्त इलाकों की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी है। एक रिपोर्ट–

***राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत दलों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर नाव और मोटरबोट तैनात की गई हैं। बाढ़ के बाद संक्रमण और जलजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को भी पूरी तरह सक्रिय रखा गया है। उधर, बदायूं और बलिया में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, बाराबंकी, अयोध्या और बलिया के तुर्तीपार में घाघरा और लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पीलीभीत में पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने से शारदा व देवहा नदियां उफान पर हैं। बाढ़ की आशंका के मद्देनजर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। पूरनपुर, सदर, कलीनगर और बीसलपुर तहसील क्षेत्र केकरीब 3 दर्जन गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। ट्रांस शारदा क्षेत्र में फसलें व संपर्क मार्ग डूबे हुए हैं। सुशील चन्द्र तवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

**********

उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच बस सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर कल लखनऊ में प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और बिहार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत की महत्वपूर्ण बैठक हुयी। बैठक में यूपी रोडवेज और बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के बीच बस सेवाओं के विस्तार और नये मार्गों को लेकर विस्तार से चर्चा हुयी।

उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री ने बताया कि बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच पहले से संचालित पच्चीस मार्गों के अलावा बिहार ने चौदह नए मार्गों पर परिवहन की बसों के संचालन का प्रस्ताव दिया है।

***25 रूटे पहले बिहार और उत्तर प्रदेश के पहले से संचालित था और उसका एक्सटेंशन करने का बात थी 10 साल के लिए और 14 नए रूट बिहार की तरफ से प्रस्तावित किया गया है। कुछ उसमें हम लोगों ने और भी अतिरिक्त रूट बढ़ाने के लिए कहा है। प्रतिदिन जो है लाखों लोग बिहार से उत्तर प्रदेश आते हैं। लाखों लोग उत्तर प्रदेश से बिहार में जाते हैं तो सब की आवागमन की सुविधा रखना हम सब का दायित्व है। इस पर हम सब लोगों ने एक–एक बिंदुओं पर निर्णय किया है।***

**********

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि केंद्र सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को घरेलू रसोई गैस–एल.पी.जी रिफिल बुकिंग के नियमों में बड़ी छूट देने का निर्देश दिया है। अब देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सभी घरेलू एलपीजी उपभोक्ता, पचीस दिनों के अंतराल पर सिलेंडर बुक करा सकेंगे। श्री गोपी ने कहा कि देश में एलपीजी आपूर्ति में सुधार और बैकलाग में आई भारी कमी को देखते हुए सरकार ने यह पाबंदी हटाई है।

**********

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कल वाराणसी से नौवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ करेंगी। राष्ट्रीय पोषण माह का इस वर्ष का विषय है– हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी। इसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक से आंगनबाड़ी केंद्रों की जिम्मेदारी साझा करने का आह्वान किया गया है।

**********

बागपत में रविवार की मध्य रात्रि के बाद हुए एक सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। यह हादसा जिले के खेकड़ा थाना क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस–वे पर बड़ा गांव टोल के पास तब हुआ, जब एक तेज रफ्तार कैंटर ने श्रद्धालुओं से भरे वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सवारी वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। एडीजी मेरठ भानु भास्कर ने बताया कि हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया।

***ये बहुत ही दुखद है और मृतकों एवं घायलों के परिवार के साथ, परिजनों के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक और पूरी टीम के लगातार बातचीत चल रही है। ये सभी लोग मूलतः जो है बदायूं जनपद के थे। वो राजस्थान में पूजा–अर्चना के लिए 2 सितंबर को गए थे। पांच दिन बाद पूजा–अर्चना पूरी करके वापस आ रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई है। बदायूं प्रशासन, बदायूं पुलिस जो है लगातार इनसे संपर्क में है और जितनी सुविधा मुहैया हो सकती है, वो कराई जा रही है।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख और घायलों को 50–50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिये हैं।

इस बीच, बदायूं जिले के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में भी मुड़िया धुरेकी गांव के पास कल देर शाम एक रोडवेज बस और बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

**********

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण दो हजार छब्बीस के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में लखनऊ को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरों में पहला स्थान मिला है। स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इसके लिए एक करोड़ पचास लाख रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। एक रिपोर्ट–

**स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की कैटेगरी–1 में उत्तर प्रदेश के छह शहरों ने स्थान बनाया। इनमें लखनऊ ने देश में पहला, आगरा ने चौथा, गाजियाबाद ने नौवां, कानपुर ने ग्यारहवां, प्रयागराज ने तेरहवां और मेरठ ने बाइसवां स्थान प्राप्त किया। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की वार्ड लेवल रैंकिंग में भी उत्तर प्रदेश ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। कैटेगरी–1 में राजधानी लखनऊ के वार्ड–70 ने पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं कैटेगरी–2 में प्रयागराज के वार्ड–31 ने देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं तीन से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में झांसी ,मुरादाबाद और नोएडा टॉप 10 शहरों में शामिल हैं। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

लखनऊ में केरल के प्रमुख मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधिमंडल ने कल प्रेस सूचना ब्यूरो के अधिकारियों के साथ अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन– आरडीएसओ का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एयर ब्रेक, फटीग टेस्टिंग तथा धातु एवं रसायन प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर अत्याधुनिक रेलवे प्रौद्योगिकियों और परीक्षण सुविधाओं की जानकारी ली।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने इसके निजीकरण से जुड़ी खबरों को खारिज किया है। बेंगलुरु में कल उन्होंने कहा कि इसरो एक सरकारी संगठन है और इसके निजीकरण का कोई सवाल ही नहीं है।

**इसरो एक सरकारी संस्था है और हम सरकारी निवेश के अंतर्गत काम कर रहे हैं। इसरो और एनसीएस के मुख्य लक्ष्यों में से एक बजट के अनुरूप अंतरिक्ष उपकरणों की लागत कम करना है। इसरो को हर साल सरकार आवश्यकता के अनुसार बजट देती है। बजट की कोई कमी नहीं है।**

**********

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा यूपीटीईटी–2026 में सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्र जारी कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर अनुक्रमांक और जन्मतिथि दर्ज कर प्रमाण–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**********